दैनिक

RNI No. MPHIN/2018/77427

सच कहने का साहस

# चम्बल नवराष्ट्र

CHAMBAL NAVRASHTRA

web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028

वर्ष -6 अंक-232 | भोपाल, शुक्रवार 02 अगस्त 2024 | पृष्ठ -8 मूल्य-2.00


# रेल मंत्री बोले- हम काम करते हैं, रील नहीं बनाते

## दो दिन पहले प्रियंका चतुर्वेदी बोली थीं- वे रेल नहीं, रील मंत्री बनना चाहते हैं

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का गुरुवार (1 अगस्त) को नौवां दिन है। लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेनों की सेफ्टी पर बात की। इस पर विपक्ष ने ताजा हादसों पर सवाल पूछा और हंगामा किया।

रेल मंत्री ने कहा- हम रील बनाने वाले नहीं, काम करने वाले लोग हैं। जो लोग यहां चिल्ला रहे हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए कि सत्ता में रहने के 58 सालों में वे 1 किमी दूर भी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) क्यों नहीं लगा पाए। आज वे सवाल उठाने की हिम्मत करते हैं। जब ममता बनर्जी रेल मंत्री थीं तो वे दुर्घटनाओं की संख्या बताती थीं कि 0.24 से घटकर 0.19 हो गई, ये लोग सदन में ताली



बजाते थे और आज जब यह 0.19 से घटकर 0.3 हो गई है तो वे इस तरह का आरोप लगाते हैं। क्या यह देश ऐसे ही चलेगा?

वैष्णव ने आगे कहा- कांग्रेस सोशल मीडिया की अपनी ट्रोल सेना की मदद से झूठी बातें उठाती है। क्या वे उन 2 करोड़ लोगों के दिलों में डर भरने की कोशिश कर रहे हैं जो हर दिन रेलवे से यात्रा करते हैं? असल में

शिवसेना (उद्धव गुट) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 30 जुलाई को कहा था- हम हर दूसरे दिन पढ़ रहे हैं कि ट्रेन डिरेलमेंट हो रहा है। लोगों की जान चली जाती है और उसमें कोई कार्रवाई नहीं की जाती। रेल मंत्री अपने प्रचार में व्यस्त हैं। वे यही सोचते हैं कि कैसे मैं रेल मंत्री की जगह रील मंत्री बन जाऊं। इंस्टाग्राम पर रील पोस्ट करूं और वाहवाही लूटूं। लगता है कि रेलवे का 30% बजट उनके प्रचार में ही जाता है। संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई को शुरू हुआ और यह 12 अगस्त को खत्म होगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, अगर रेलवे में भर्ती की बात करें तो UPA के कार्यकाल में 2004 से 2014 तक रेलवे में सिर्फ 4 लाख 11 हजार कर्मचारियों की भर्ती हुई थी, जबकि 2014 से 2024 तक यानी इन के 10 सालों में ये संख्या 5 लाख 2 हजार है। जिसकी सालों से मांग हो रही थी - रेलवे भर्ती के लिए एक वार्षिक कैलेंडर हो, हमने इसे जनवरी 2024 में घोषित कर दिया है। जो युवा रेलवे में जाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, उनके लिए अब साल में 4 बार वैकेंसी निकलती हैं - जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर में। अभी भी 40,565 वैकेंसी निकाली हैं जिन्हें भरा जाना है।अश्विनी वैष्णव ने कहा- यूपीए के कार्यकाल में सालाना औसत 171 एक्सीडेंट होते थे। हमारी सरकार में एक्सीडेंट की संख्या में 68% की कमी आई है।

## लखनऊ में युवती से बदसलूकी, 2 आईपीएस हटाए, चौकी सस्पेंड:योगी बोले- आरोपियों में एक पवन यादव, दूसरा मोहम्मद अरबाज



लखनऊ। लखनऊ में बारिश के दौरान लड़की से बदसलूकी की गई। हुड़दंगियों ने पहले लड़की को पानी में गिराया फिर बैड टच करने लगे। घटना को सीएम योगी ने गंभीरता से लिया। दो आईपीएस अफसर, एक ACP, को हटा दिया। प्रभारी समेत पूरी चौकी को सस्पेंड कर दिया। विधानसभा में योगी ने इस घटना पर कहा, मेरे पास पूरी लिस्ट आई है। पहला अपराधी- पवन यादव। दूसरा- मोहम्मद अरबाज। ये हैं आपके सद्भावना वाले लोग। हम इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे क्या? इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी। अब आप चिंता मत करो।

# हिमाचल-उत्तराखंड में बादल फटे, जम्मू के किश्तवाड़ में भारी बारिश से बाढ़; जयपुर में बेसमेंट में डूबने से 3 की मौत

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर इलाकों में मानसून जमकर सक्रिय है। जम्मू के किश्तवाड़ में गुरुवार (1 अगस्त) को बादल फटने से बाढ़ आ गई है। इससे पहले हिमाचल में देर रात 4 जगह बादल फटे। इससे रामपुर के समेज खड्डु में कई घर बह गए। यहां 2 लोगों के शव मिले हैं, जबकि 52 लोग लापता हैं। NDRF और SDRF रेस्क्यू में जुटी हैं। वहीं, मलाणा में पार्वती नदी में पानी बढ़ने के बाद पावर प्रोजेक्ट का डैम टूट गया। कुल्लू और मंडी में भी भारी तबाही हुई है।

उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल के घनसाली में भी बुधवार रात बादल फटे। यहां दो लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल है। केदारनाथ में



बादल फटने से यात्रा रूट पर 30 मीटर की सड़क मंदाकिनी नदी में समा गई। यात्रा रोक दी गई है और 200 से ज्यादा लोग फंसे हैं।इधर, राजस्थान के जयपुर में एक घर के बेसमेंट में डूबने से एक बच्चे समेत 3 लोगों की मौत हो गई। बुधवार रात तेज बारिश के कारण दीवार ढहने से 25 लोग दो घरों में फंस गए थे। बाहर निकलते समय तीन लोग बेसमेंट में भरे पानी में डूब गए।

हिमाचल प्रदेश के मनाली में मणिकर्ण सड़क पर सब्जी मंडी की पांच मंजिला बिल्डिंग ढह गई। बारिश के बाद ब्यास नदी का जल स्तर बढ़ने से बिल्डिंग की नींव कमजोर पड़ गई थी। इस वजह से आज गुरुवार सुबह बिल्डिंग नदी में जा गिरी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस में मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

## हाईकोर्ट हिंदू पक्ष की 18 याचिकाएं एक साथ सुनेगा, दावा- ईदगाह गर्भगृह की जमीन पर

**प्रयागराज/मथुरा।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार (1 अगस्त) को यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने कहा कि हिंदू पक्ष की ओर से दायर 18 याचिकाएं एक साथ सुनी जाएंगी।

जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। हिंदू पक्ष की ओर से दायर याचिकाओं में दावा किया गया है कि शाही ईदगाह का ढाई एकड़ का एरिया मस्जिद नहीं है। वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि का गर्भगृह है। वहीं, मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि 1968 में हुए समझौते के तहत मस्जिद के लिए जगह दी गई थी। 60



साल बाद समझौते को गलत बताना ठीक नहीं। हिंदू पक्ष की याचिकाएं सुनवाई लायक नहीं है। हालांकि, हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद मुस्लिम पक्ष की इस दलील को स्वीकार नहीं किया। अब 12 अगस्त से हिंदू पक्ष की 18 याचिकाओं की एक साथ सुनवाई होगी।

हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने कहा- 25 सितंबर 2020 को पहली याचिका दायर हुई थी। 4 महीने सुनवाई हुई। आज हाईकोर्ट ने 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना। अब इस केस में ट्रायल चलेगा। हम लोगों को मौका मिलेगा कि हम सबूत पेश कर सकें। अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगीश्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के इतिहास में आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा। शुरू से ही शाही ईदगाह पक्ष के लोग रहे हों, या सुन्नी वक्फ बोर्ड के लोग... कहते रहें कि केस सुनवाई योग्य नहीं है। आज हाईकोर्ट द्वारा स्पष्ट कर दिया गया कि यह केस सुनवाई योग्य है। ये लोग (मुस्लिम पक्ष) लोअर कोर्ट और हाईकोर्ट में केस को अयोध्या की तरह से लंबा खिंचना चाहते थे।

# वायनाड में लैंडस्लाइड-अब तक 283 मौतें राहुल-प्रियंका पीड़ितों से मिले

## सेना बोली- रेस्क्यू खत्म, शव खोजने का काम जारी

**वायनाड।** केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 283 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग आज तीसरे दिन भी लापता हैं। मौसम विभाग ने आज ( फिर से वायनाड में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने फिर से कुछ जगहों पर लैंडस्लाइड का खतरा जताया है।

वहीं, आर्मी के जनरल कमांडर ऑफिसर मेजर जनरल वीटी मैथ्यू ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। अब हम केवल शवों को खोजने का काम कर रहे हैं। अगर हमें घरों में कोई फंसा मिलेगा तो



उसे निकालेंगे। बारिश के चलते काम में दिक्कत आ रही है। आर्मी के 5 टीमों और 3 डॉग्ज को यहां डिप्लॉय किया गया है। शाम को खतरे के चलते ऑपरेशन बंद कर देंगे।

इस बीच राहुल गांधी और प्रियंका गांधी चूरलमाला पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात की। लैंडस्लाइड से सबसे ज्यादा नुकसान यहीं हुआ है। यहां के बाद दोनों रिलीफ कैंप जाकर पीड़ितों से मिलेंगे। राहुल वायनाड और रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीते थे। उन्होंने वायनाड सीट छोड़ दी थी। अब प्रियंका वायनाड से चुनाव लड़ने वाली हैं।

लैंडस्लाइड सोमवार देर रात करीब 2 बजे और मंगलवार सुबह 4 बजे के बीच मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गई थीं गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद में बताया- 23-24 जुलाई को ही केरल सरकार को अलर्ट किया गया था, सरकार समय रहते लोगों को हटाती तो इतना नुकसान नहीं होता।

## नई संसद की छत से पानी लीक, नीचे बाल्टी रखी:विपक्ष बोला-

# संसद के बाहर पेपर लीक और अंदर पानी लीक

**नई दिल्ली।** एक साल पहले बनकर तैयार हुई नई संसद की छत से पानी लीक होने का एक वीडियो सामने आया है। इसमें दिखाई दे रहा है कि संसद की लॉबी में से पानी गिर रहा है और उसके नीचे एक बाल्टी रखी है जिसमें पानी जमा हो रहा है। यह वीडियो कांग्रेस के मणिकम टैगोर ने शेयर कर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- संसद के बाहर पेपर लीक और अंदर पानी लीक।

इसे लेकर लोकसभा सेक्रेटिएट ने कहा कि ग्रीन संसद की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए संसद भवन के कई हिस्सों में कांच के गुंबद (ग्लास डोम) लगाए गए हैं, ताकि नेचुरल लाइट आ



सके। इसमें लॉबी भी शामिल है। बुधवार को भारी बारिश के बाद ग्लास डोम को सील करने के लिए लगाया गया पदार्थ हट गया था, जिसके चलते पानी का रिसाव हुआ। हालांकि इसे अब ठीक कर लिया गया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इस नई संसद से अच्छी तो वो पुरानी संसद थी, जहां पुराने सांसद भी आकर मिल सकते थे।

# छिमछिमा हनुमान मंदिर से हुई चोरी का 24 घंटे बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

## आक्रोशित लोगों ने बाजार बंद कराकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन







**दिलीप कुशवाह**

**विजयपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** श्योपुर जिले के प्रसिद्ध छिमछिमा हनुमान मंदिर से 5 किलो 500 ग्राम चांदी के आभूषणों की चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरो तक 24 घंटे बाद भी पुलिस नहीं पहुंच सकी है पुलिस के 24 घंटे बाद भी हाथ खाली है इसको लेकर नगर के लोगों में भारी आक्रोश है आक्रोशित लोगों ने बाजार बंद कराकर मुख्यमंत्री के नाम स्र्ठरू को ज्ञापन सौपा है आपको बता दे कि जानकारी के अनुसार छिमछिमा हनुमान मंदिर पर दूरदराज से लोग आते है , और श्योपुर ही नहीं बल्कि शिवपुरी, मुरैना ,ग्वालियर सहित राजस्थान उत्तर प्रदेश आदि के लोगों का आस्था का प्रतीक हैं , मंदिर की सुरक्षा को लेकर पहले से ही जिला प्रशासन के द्वारा स्ज्ञस्न के जवानो की तैनाती की गई थी फिर भी मंदिर से चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दे दिया , मंदिर में लगे सी.सी.टीवी कैमरे भी चार दिन पहले ही खराब हो जाना , कही न कही मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव भी अपनी जिम्मेदारी को भूल गए चार दिन पहले से ही मंदिर परिसर में लगे सी.सी.टीवी कैमरे बंद थे , अगर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और सचिव तहसीलदार साहब समय रहते निरीक्षण करते तो सी.सी. टीवी कैमरे भी चालू हो जाते और इतनी बडी चोरी नहीं होती ।

### इनका कहना है

समस्त नगर वाशियो ने बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया है साथ ही मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन भी सौपा है अगर जल्द ही चोरी को ट्रेस नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा ।

**शुभम मुदगल**

**नगरवासी**

हाँ नगर के लोगो ने ज्ञापन सौपा है चोरी को ट्रेस करने मे पुलिस लगी हुई है सीसीटीवी केमरे कियू बंद हुए इसकी हम जांच करवा रहे है

**बी.एस.श्रीवास्तव**
**अनुविभगीय अधिकारी**
**विजयपुर**

# वंदेमातरम के साथ कार्यालयों में हुई कामकाज की शुरूआत



**श्योपुर।** कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड के नेतृत्व में माह अगस्त 2024 के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में किया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, श्री वायएस तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदे मातरम का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरूआत हुई।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 07 अगस्त तक

**श्योपुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय श्योपुर में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 7 अगस्त तक जारी रहेगी। प्रवेश के इच्छुक छात्र 7 अगस्त तक चलने वाली द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेकर महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते है। प्राचार्य महाविद्यालय ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय की तीन ब्रांच कम्प्युटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग संचालित है। इच्छुक विद्यार्थी इन ब्रांचो में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते है। प्रवेश के लिए http://dte.mponline.gov.in पर जाकर अपना रजिस्टेªशन कर सकते है। इसके अलावा विद्यार्थी मोबाइल नंबर 8560962460, 9878129644, 7024945143 पर प्रवेश के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# चंबल संभागायुक्त झा द्वारा एसडीएम व तहसीलदार न्यायालय कराहल का निरीक्षण



**श्योपुर।** राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत चंबल संभागायुक्त श्री संजीव कुमार झा ने आज गुरूवार को श्योपुर जिले की तहसील कराहल के एसडीएम व तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील न्यायालय में नामांतरण, बटवारा व समग्र ई-केवाईसी के प्रकरणों की जांच की गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड, अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, तहसीलदार सहित अन्य आर आई, पटवारी मोजूद थे।

चंबल आयुक्त श्री संजीव कुमार झा ने इस अवसर पर एसडीएम न्यायालय, तहसीलदार कराहल न्यायालय सहित नायब तहसीलदार गोरस एवं पहेला न्यायालयों का निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान न्यायालयो में दर्ज राजस्व प्रकरणों तथा उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की गई तथा दायरा पंजी एवं अन्य राजस्व रिकार्ड का निरीक्षण किया गया। आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों एवं विभिन्न पंजियों के संधारण की स्थिति का अवलोकन भी किया गया।

# रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लेने बडौदा पहुंचे कलेक्टर



**श्योपुर।** कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड द्वारा बडौदा पहुंचकर एसडीआरएफ की टीम द्वारा किये जा रहे रेक्स्यू ऑपरेशन का जायजा लिया गया तथा अतिवर्षा के कारण बडौदा के जलभराव वाले क्षेत्रो का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार बडौदा श्रीमती मनीषा मिश्रा, नायब तहसीलदार पाण्डोला श्री दर्शन लाल जाटव, नगर परिषद बडौदा के अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री राजू सुमन आदि उपस्थित थे।

बडौदा में अतिवर्षा के कारण नाले में बालक के डूब जाने की सूचना पर एसडीआरएफ की दो टीमे सर्चिग के लिए लगाई गई थी, एक टीम पहले से ही सर्चिग कर रही थी, इसके बाद दूसरी टीम को भी कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड द्वारा मौके पर भेजा गया था। सर्चिग अभियान के दौरान तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा एवं अन्य प्रशासनिक अमला पूरे समय मौके पर मौजूद रहा, इसके बाद कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लेने बडौदा पहुंचे। इसी के साथ उन्होने बडौदा में जलभराव वाले स्थानो का अवलोकन भी किया।

पार्वती नदी में जलस्तर बढ गया है, रिपोर्ट के अनुसार शाम 7 बजे खातौली पुल पर डेढ फीट पानी की जानकारी एरिकेशन विभाग द्वारा दी गई है, जिसके चलते कोटा-खातौली मार्ग को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया गया है। पार्वती नदी का डेंजर लेबल 198 मीटर है तथा वर्तमान में पानी का जलस्तर खतरे के निशान से 4.5 मीटर कम है। चंबल नदी में पाली पुल पर अभी 187.76 मीटर पानी का लेबल है, चंबल का डेंजर लेबल 199.50 मीटर है। आवदा बांध की भराव क्षमता 48.50 मीटर के लगभग है तथा वर्तमान में डैम शत प्रतिशत भर गया है।

## वर्षा ऋतु में पशुपालक करें पशुओं की करें देखभाल

**श्योपुर।** बदलते मौसम में जहाँ मानव जीवन के स्वास्थ्य सुरक्षा पर फोकस जरूरी है, वहीं पशुधन की भी वर्षा ऋतु में देखभाल बहुत आवश्यक है। पशुपालन विभाग की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाकर पशुपालकों को उनके पशुओं की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मौसम में वातावरण में आई नमी में बढोतरी के कारण पशुओं पर नकारात्मक प्रभाव पडता है, जिससे पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जीवाणु, विषाणु फफूंद जनित एवं पशु परजीवियों जैसे जूं, मक्खी व मच्छरों से होने वाली सभी प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक ने बताया कि विभाग पशुपालकों को पशुओं की देखभाल के लिए जागरुक कर रहा है। बरसात के मौसम में पशुपालकों को पशुओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# हाईस्कूल रायपुरा में विश्व स्कार्फ दिवस आयोजित



**श्योपुर।** एकीकृत शासकीय हाईस्कूल रायपुरा में आज विश्व स्कार्फ दिवस के मौके पर वृक्षारोपण कर विश्व स्कार्फ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री सत्यप्रकाश बैरवा, जिला स्काउट सचिव श्री रोशन लाल गर्ग, जिला आयुक्त रेंजर सुश्री रीना प्रजापति, जिला आयुक्त वयस्क संसाधन स्काउट श्री सुग्रीव लाल जाटव, रोवर लीडर श्री अजय जाटव एवं विद्यालय के स्काउट गाइड के साथ-साथ अन्य छात्र एवं छात्राओं उपस्थित थे।

इस दौरान जिला आयुक्त श्री सुग्रीव लाल जाटव ने बताया कि 1 अगस्त 1907 के दिन सर्वप्रथम स्काउट कैंप का आयोजन किया गया था, इसलिए इस दिवस को विश्व स्कार्फ दिवस के रूप में मनाया जाता है एवं इस दिन मानवता की भलाई के लिये एक अच्छा काम भी किया जाता है। इसलिए आज के दिन विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया गया एवं इस हेतु लोगों को जागरूक करने का प्रयास भी किया।

# जेयू में एनएसयूआई और युवक कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा, मितेन्द्र सिंह गिरफ्तार



**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्ध बीएड कॉलेजों में हुए फर्जीवाड़े और बीबीए सहित अन्य संकायों में विद्यार्थियों के लिए सीटें बढ़ाए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जीवाजी विश्वविद्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई द्वारा किये गये प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया और प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

गुरूवार को एनएसयूआई और युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह और एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चैकसे के नेतृत्व में जीवाजी विश्वविद्यालय पहुंचे और बीएड कॉलेजों में हुए फर्जीवाड़े और बीबीए सहित अन्य संकायों में विद्यार्थियों के लिए सीटें बढ़ाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान जब हंगामा कर रहे छात्र नेताओं ने जब पुलिस के बैरीकेड्स पर चढ़कर जीवाजी विश्वविघालय में अंदर जाने का प्रयास किया, तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उनको खदेड़ दिया। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ो की संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ता विश्वविद्यालय का घेराव करने पहुंचे थे। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष की पुलिस कर्मियों से झूमा झटकी भी हुई है। पुलिस ने दो दर्जन से अधिक छात्र नेताओं व युकां प्रदेशाध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रदर्शन कर रहे छात्र नेताओं का कहना है कि जायज मांगों को लेकर जीवाजी विश्वविद्यालय आए थे, लेकिन पुलिस द्वारा लाठीचार्ज कर मारपीट की गई है। यह एनएसयूआई और युवक कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि जीवाजी विश्वविद्यालय और पुलिस प्रशासन उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं, लेकिन हम प्रयास करते रहेंगे। इस मामले में एडिशनल एसपी शियाज केएम का कहना है कि एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जबरन बैरिकेडिंग तोड़कर विश्वविद्यालय में घुसकर तालाबंदी करने की कोशिश की थी। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन भ्रष्टाचार रोकने में नाकाम है, इसलिए विश्वविद्यालय में धारा 52 लगाई जाए। सभी प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए हल्के बाल का प्रयोग किया था और प्रदर्शन कर रहे छात्रों व छात्र नेताओं को पकड़ कर स्थाई जेल भेज दिया है। इन सभी पर लॉ एंड ऑर्डर तोड़ने के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## खनिज विभाग ने पकड़े अवैध परिवहन करते दो ट्रेक्टर ट्रॉली

**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )** जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन की रोकथाम के लिये चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गत रात्रि लगभग एक बजे डबरा तहसील में अवैध रेत परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर टेकनपुर थाने में रखे गए हैं।

जिला खनिज अधिकारी श्री भूरिया ने बताया कि मध्यप्रदेश अवैध उत्खनन नियम 2022 के तहत जब्त किए गए ट्रेक्टर ट्रॉली के मालिक पर अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा। इसके साथ ही कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर सम्पूर्ण जिले में खनिज, राजस्व एवु पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अवैध उत्खनन व परिवहन की रोकथाम के लिये अभियान जारी रहेगा।

## कांग्रेस ने किया बाल गंगाधर तिलक को नमन



**ग्वालियर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 104वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेसजनों ने चिड़ियाघर के सामने स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर राव तिलक ने स्वाधीनता आंदोलन में देश को आव्हान किया। स्वराज मेरा पूर्ण अधिकार है। इसे भारत का नागरिक लेकर रहेगा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष वीर सिंह तोमर, संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, जेएच जाफरी, राजेन्द्र सिंह नाती, सरमन सिंह राय, ओमप्रकाश दुबे, प्रेम सिंह यादव, सेवादल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह गुर्जर, रामनरेश परमार, वीरेंद्र तौमर, तरूण यादव, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपौरिया, अनूप शिवहरे, राजेश बाबू, अब्दुल हमीद पप्पू, लक्ष्मीनारायण कुशवाह, अंकित गुप्ता, संतोष शर्मा, राकेश बाथम, राकेश सिंह राजपूत, भूपेन्द्र सिंह तोमर, धर्मेन्द्र शर्मा, गोपाल प्रजापति, मुन्नालाल खरे, संजीव दीक्षित, अनूप मिश्रा, इरफान खान, गोविंद राव थोराठ, अलाउद्दीन मंसूरी, मुकेश कुशवाहा आदि शामिल हैं।

## ग्राम पंचायत टेकनपुर में ग्रे वाटर प्लांट एवं कचरा प्रबंधन के संबंध में सीईओ ने किया भ्रमण

**ग्वालियर ।** ग्रे वाटर के उचित प्रबंधन एवं कचरा डम्पिंग स्थल का चयन करने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने विकासखंड डबरा के ग्राम पंचायत टेकनपुर का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर ग्रे वाटर के उचित प्रबंधन के संबंध में चर्चा की तथा अस्थायी अतिक्रमण को हटाकर ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हेतु जगह का चिन्हांकन किया गया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने इसके साथ ही कचरा डम्पिंग स्थल का चयन भी पंचायत में किया तथा ग्रामीणों को समझाइश दी कि ग्राम के विकास के लिये कचरा प्रबंधन सबसे अनिवार्य जरूरत है, इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है।

## भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 की प्रथम क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं कार्यशाला का सफल आयोजन संपन्न



**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रं -2 की प्रथम क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक और कार्यशाला का आयोजन महावीर भवन कम्पू, लश्कर ग्वालियर में किया गया। जैन मिलन महिला फालका बाजार ने राष्ट्रीय ओर क्षेत्रीय पदाधिकारियों के अपनी सहभागिता दी इस कार्यक्रम में सभी महिला, पुरुष, युवा और बालिका शाखाओं के अध्यक्ष/मंत्री/कोषाध्यक्ष और सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पदाधिकारीयों की भारी संख्या में उपस्थिति थे ।

सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पदाधिकारी के द्वारा क्षेत्रीय कार्यशाला का जो आयोजन किया गया उसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अति वीरांगना शीला जैन टोंगिया भाभी जी एवं राजेश भैया जी द्वारा क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन आपके सानिध्य में किया गया वह सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पदाधिकारी ने आपके मार्गदर्शन में बेहतरीन शिक्षक बनकर हम अल्प शिक्षित विद्यार्थियों को जो ज्ञान अर्जन करवाया उसकी प्रशंसा करना अकल्पनीय है आप निरंतर ऐसे ही हमें शिक्षित करके भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकेंगे हम सभी अपने कार्य को और बेहतरीन ढंग से कर सकेंगे साथ ही सभी के साथ निरंतर मिलजुल कर आगे बढ़कर सहभागिता देने पर ही हम नए आयाम को प्राप्त कर सकेंगे आप सभी राष्ट्रीय क्षेत्रीय पदाधिकारी का निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहेगा व क्षेत्र द्वाराआयोजित निबंध प्रतियोगिता में शाखा के अध्यक्ष प्रीति शाखा सचिव प्रीति को व बालिका शाखा पायल आयुषी काव्या रिया प्राची शिवानी को पुरस्कार से सम्मानित किया गया

## आभार सह उपहार कार्यक्रम संभाग के सभी जिलों में उत्साह और उमंग के साथ मनाएँः संभागीय आयुक्त




**ग्वालियर ।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं के लिये श्रावण मास में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में प्रतिमाह जारी होने वाली राशि 1250 के अतिरिक्त एक मुश्त राशि प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश में चयनित जिलों में आभार सह उपहार कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। अन्य जिलों में भी प्रदेश के मंत्रिगणों के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित होंगे। ग्वालियर संभाग के सभी जिलों में आभार सह उपहार कार्यक्रम का आयोजन पूरी गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित किए जाएं। विभागीय अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर अपने-अपने विभाग के स्टॉल भी स्थापित करें।

संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने गुरूवार को संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों का भी प्रदर्शन किया जाए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हों। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का एक विस्तृत फोल्डर तैयार कर आयुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि समय-समय पर योजनाओं की समीक्षा की जा सके। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

## छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों के प्रति किया जागरूक



ग्वालियर। जिले के विभिन्न स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर महिला जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के तहत बिरला नगर स्थित जे.सी. मिल कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं नवीन महिला संबंधी अपराधों तथा सायबर अपराधों के संबंध में रागिनी फाउण्डेशन के सहयोग से उप निरीक्षक रूबी भार्गव थाना झांसी रोड द्वारा जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर लगभग 150 छात्राओं के अलावा कॉलेज स्टाफ भी उपस्थित रहा।

डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक रूबी भार्गव द्वारा रागिनी फाउण्डेशन ग्वालियर के सहयोग से गुरूवार को बिरला नगर स्थित जे. सी. मिल कन्या महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं नवीन महिला संबंधी अपराधों तथा सायबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा उन्हें मध्यप्रदेश पुलिस की डायल 100, 112 सेवा तथा 1090 महिला हेल्पलाइन से भी अवगत कराया गया और उपस्थित छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में डरे नहीं और न ही किसी घटना को छुपायें। आपके साथ कोई भी घटना होने पर तत्काल अपने मात-पिता और पुलिस को सूचित करें। छात्राओं को बेटी की पेटी के संबंध में अवगत कराया गया कि वह किस प्रकार अपनी शिकायत पेटी में डाल सकती हैं। इस अवसर पर छात्राओं को आजकल हो रहे सायबर संबंधी अपराधों के संबंध में जानकारी देकर उनसे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। ग्वालियर पुलिस की महिला सेल द्वारा स्कूल व कॉलेजों में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## संपादकीय

# वायनाड त्रासदी

केरल के वायनाड जनपद स्थित कई इलाकों में मंगलवार की रात्रि में भूस्खलन की कई घटनाओं में डेढ़ सौ से अधिक लोगों की मौत और सैकड़ों की गुमशुदगी निश्चित रूप से एक बड़ी मानवीय त्रासदी है। देर रात आई आपदा ने जन-धन की हानि को बढ़ाया है। भूस्खलन से उपजी बड़ी मानवीय त्रासदी इस बात का प्रमाण है कि प्राकृतिक रौद्र को बढ़ाने में मानवीय हस्तक्षेप की भी बड़ी नकारात्मक भूमिका रही है। भूस्खलन और उसके बाद तेज बारिश से राहत व बचाव के कार्यों में बाधा आने से फिर स्पष्ट हुआ है कि कुदरत के रौद्र के सामने आज भी सारी मानवीय व्यवस्था बौनी साबित होती है। ऐसी आपदाएं हमें सबक देती हैं कि भले ही हम कुदरत का कोहराम न रोक सकें लेकिन जन-धन की हानि को कम करने के प्रयास जरूर किये जा सकते हैं। वायनाड के इलाके में तमाम केंद्रीय व राज्य की एजेंसियां तथा सेना राहत-बचाव कार्य में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है और विस्थापितों को राहत शिविरों में पहुंचाया जा रहा है। साथ ही लापता लोगों को तलाशने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। हालांकि, तेज बारिश व विषम परिस्थितियों से राहत कार्य में बाधा पहुंच रही है। प्रथम दृष्टया इस तबाही को एक प्राकृतिक आपदा के रूप में वर्णित किया जा रहा है, लेकिन जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील इलाके और वन क्षेत्र को लगातार हुए नुकसान जैसे कारकों के प्रभाव को भी नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर द्वारा जारी भूस्खलन के मानचित्र के अनुसार भारत के भूस्खलन की दृष्टि से सबसे अधिक संवेदनशील जिलों में दस जिले केरल में स्थित हैं। जिसमें वायनाड 13वें स्थान पर हैं। वर्ष 2021 के एक अध्ययन के अनुसार केरल में सभी भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील इलाके पश्चिमी घाट में स्थित हैं। जिसमें इडुक्की, एर्नाकुलम, कोट्टायम, वायनाड, कोझिकोड और मलप्पुरम जिले शामिल हैं। जाहिर है इस चेतावनी को तंत्र ने गंभीरता से नहीं लिया। दरअसल, यही वजह है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से पश्चिमी घाट के पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति को रोकने के लिये एक कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया है। निस्संदेह, मौजूदा परिस्थितियों में जरूरी है कि विभिन्न राज्यों में ऐसी आपदाओं से बचाव की तैयारी करने और निपटने के लिये तंत्र को बेहतर ढंग से सुसज्जित करने के तौर-तरीकों पर भी युद्धस्तर पर काम किया जाए। यदि ऐसी आपदाओं से बचाव के लिये प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित कर ली जाती है तो जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है। विडंबना है कि केरल के मामले में ऐसा नहीं हो पाया है। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश में आपदा प्रबंधन की दिशा में प्रतिक्रियाशील तंत्र सक्रिय हुआ है और जान-माल की क्षति को कम करने में कुछ सफलता भी मिली है, लेकिन इस दिशा में अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इसके साथ ही पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रभाव के बारे में विशेषज्ञों की चेतावनियों पर ध्यान देने की जरूरत है। जिसके लिये राज्य सरकारों की सक्रियता, उद्योगों की जवाबदेही और स्थानीय समुदायों की जागरूकता की जरूरत है। वायनाड की त्रासदी का बड़ा सबक यह है कि हमें प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण ढंग से इस्तेमाल के प्रति नये सिरे से प्रतिबद्ध होना होगा। लेकिन विडंबना यह है कि विगत के वर्षों में वायनाड में कई बार हुई भूस्खलन की घटनाओं को राज्य शासन ने गंभीरता से नहीं लिया है। यह अच्छी बात है कि सभी राजनीतिक दलों व केंद्र तथा राज्य सरकार ने आपदा के प्रभावों से मुकाबले में एकजुटता दिखायी है। हालांकि, विषम परिस्थितियों व मौसम की तल्खी के कारण नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रभावित इलाकों में नहीं पहुंच पाए, लेकिन आपदा पीड़ितों के राहत, बचाव के लिये देश व तंत्र की एकजुटता निश्चित ही पीड़ितों का मनोबल बढ़ाएगी।

# कांवड़ियों का मुरवास में हुआ भव्य स्वागत





विनोद कुशवाह

लटेरी (चम्बल नवराष्ट्र)। सावन के पवित्र महीने में शिवालयों में श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ में इसी के साथ सिरोंज से 52 लोगों का जत्था बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से जल भरकर बाबा विश्वनाथ की नगरी देवपुर पैदल आकर बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करेंगे है यात्रा उज्जैन से 25.7.2024 को प्रारंभ हुई जिसमें 52 श्रद्धालुओं ने कावड़ लेकर यात्रा प्रारंभ की श्रद्धालुओं द्वारा 2/8/2024 को बाबा विश्वनाथ की नगरी देवपुर धाम में बाबा का जल अभिषेक करेंगे इसी के साथ गुरुवार की दोपहर को कावड़ यात्रा मुरवास पहुंची तो ग्राम के लोगों ने सभी कावड़ियों का भव्य स्वागत किया कावड़ियों के साथ ग्राम के लोगों ने डीजे की धुन पर डांस भी किया जिसमें ग्राम के लोगों के साथ सिरोंज से आये प्रशांत पालीवाल ने भी मुरवास आकर कबाड़ियों का स्वागत किया इस मौके पर ग्राम के दिनेश कुशवाहा सरदार सिंह गुलाब सिंह संग्राम सिंह हेमंत जैन एवं ग्राम लोग मौजूद रहे साथी मुरवास थाना प्रभारी बी.डी सिंह प्रधान आरक्षक समंदर सिंह यादव ने भी कावड़ियों का स्वागत किया

## किसानों की समस्याओं का हर संभव निराकरण कराया जायेगा-संयुक्त कलेक्टर

अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)। संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन द्वारा गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण के.एस.केन सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी एवं भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ने कहा कि किसानों की समस्याओं का शासन स्तर एवं जिला स्तर से हर संभव निराकरण कराया जायेगा। संबंधित विभागीय अधिकारी किसानों की उचित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने किसान संघ द्वारा प्रस्तुत बिन्दुओं की विस्तार से चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को उनकी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए।

# खबर प्रकाशन के बाद शिक्षा विभाग का एक्शन, मौके पर पहुंचा जांच दल, शाला प्रभारी को नोटिस जारी

## कचरा दान में मिले थी अंक सूची जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज

प्रदीप कुमार प्रजापति
7000536382




विदिशा (चम्बल नवराष्ट्र)। सिरोंज सिरोंज विकासखंड के ग्राम लिधोड़ा की शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में बने कचरा दान में अंकसूची जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज फेंक दिए गए थे दैनिक चम्बल नव राष्ट्र समाचार पत्र ने मामले को प्रमुखता से दिखाया गया था खबर प्रकाशन के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया गुरुवार को निरीक्षण दल ग्राम लिधोड़ा पहुंचा जांच दल ने कचरा दान में फेंकी गई सामग्री को देख पंचनामा तैयार किया कुछ सामग्री जप्त भी की है उक्त मामले को लेकर शाला प्रभारी सहित समस्त स्टाफ को कारण बताओं नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है अब आगे देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले मे लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई करेंगे या फिर मामले को रफा दफा कर दिया जाएगा

# शिक्षक की विदाई समारोह में भावुक हुए अभिभावक व बच्चे




सिरोंज (चम्बल नवराष्ट्र)। गुरुवार को ग्राम विशेपुर की प्राथमिक शाला में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान गुरु व शिष्य के प्रेम की अनोखी तस्वीर देखने को मिली यह सब नजारा देख मौके पर मौजूद अन्य विद्यालयों के प्राचार्य शिक्षक भी भावुक देख हुए

विदाई समारोह में जहां विदा होने वाले अध्यापक की आखें नम हो गई। वहीं बच्चे व अभिभावक भी अध्यापक को अलविदा कहते समय अपने आंसु नहीं रोक सके। यह नजारा विशेपुर की प्राथमिक शाला में तब देखने को मिला जब मोहनदास बैरागी अध्यापक का रिटायरमेंट हो जाने पर उनके लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया था।

### प्रशासनिक दृष्टि से रिटायर्ड हुआ हूं सेवाएं बरकरार रहेंगी

विदाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक मोहनदास बैरागी ने बताया कि प्रशासनिक दृष्टि से रिटायर्ड हुआ हूं छात्रों के प्रति मेरी निष्ठा और मेरा सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा जहां मेरी आवश्यकता होगी मैं वहां सेवा के रूप में अध्यापन कार्य जारी रखूंगा मेरे पास जो भी है हमेशा उसको छात्रों को देने का प्रयास करूंगा मैं अपने आप को बहुत ही सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे एक शिक्षक के रूप में सेवा करने का कार्य मिला था उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान बहुत जरूरी है

संकुल प्राचार्य मनोज शर्मा ने शिक्षक मोहनदास बैरागी के कार्य को सराहनीय बताते हुए उनका कार्यकाल एक आदर्श और उदाहरण के रूप में रखा शर्मा ने कहा कि ऐसे शिक्षक का होना सौभाग्य की बात है समारोह के दौरान पुष्प माला व पगड़ी बांधकर सम्मान किया गया इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक गजेंद्र सिंह, नवल दोहरे, प्रेम सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में विद्यालय परिवार मौजूद।

# निर्माण कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करें-सीईओ जिला पंचायत

## ग्रामीण विकास विभाग के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित




अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत जिले में चल रहे निर्माण कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किये जाएं। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस आशय के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित ग्रामीण विकास विभाग के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में संबंधितों को दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन ने निर्देश दिए कि ग्रामीण विकास के तहत जो पुराने कार्य पूर्ण हो चुके है,उन कार्यो के कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किये जाए। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्रों एवं पंचायत भवनों का अपूर्ण कार्य होने पर संबंधितों के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही की जाए। ऐसे निर्माण कार्य जो प्रगतिरत होकर बंद है,उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत मजदूरी भुगतान संबंधी शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद पंचायतों को दिये गये ओडीएफ प्लस के लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों में तेजी लाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एक पेड मॉं के नाम अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाए। साथ ही पौधारोपण की फोटो वायुदूत एप पर अपलोड की जाए।

# स्कूल संचालक द्वारा छात्र से पुस्तकों के पैसे जमा नहीं करने पर डांटने का मामला

## बीईओ की जांच में टीएव्ही स्कूल पर लगाए गए आरोप निकले सत्य, वरिष्ठ कार्यालय करेगा स्कूल पर कार्रवाई






अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)। मुंगावली की टीएव्ही पब्लिक स्कूल संचालक द्वारा छात्र के साथ सार्वजनिक रूप से स्कूल की किताबों के पैसे जमा नही करने पर फटकार लगाने के मामले में बीईओ की जांच में आरोप सत्य पाए गए हैं। उक्त मामले में बीईओ द्वारा प्रतिवेदन बनाकर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जा रहा है। अब स्कूल पर नियमानुसार कार्रवाई करने की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिकारियों की होगी। उल्लेखनीय है कि मुंगावली में टीएव्ही स्कूल द्वारा एक मासूम छात्र से किताबों के पैसे नहीं लाने पर सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई गई थी। जिसके बाद छात्र के पिता नीरज गोस्वामी द्वारा जन सुनवाई में आवेदन देकर कई गंभीर आरोप लगाए थे। यह आरोप उस समय सच साबित हुए जब बीईओ नरेंद्र सिंह बैस द्वारा गुरुवार को स्कूल की गई जांच की गई और सभी आरोप सच साबित हुए है बीईओ द्वारा स्कूल पहुँचकर जांच की छात्र छात्राओं से पूछताछ की गई जिसके बाद बीईओ द्वारा स्कूल के खिलाफ कार्यवाही की बात कही है। बीईओ के अनुसार स्कूल द्वारा स्कूल से ही छात्र छात्राओं को किताबे बेची जा रही थी यह आरोप भी सही साबित हुए है।

### इनका क्या कहना है -

शिकायत के संबंध में स्कूल पहुँचकर जांच की गई जिसमें छात्राओं से पूछताछ की गई जिसमें मामला सही पाया गया शिकायत सही थी छात्रों से स्कूल से किताबें खरीदने दबाव बनाया जा रहा था स्कूल के खिलाफ प्रतिवेदन बनाकर कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जा रहा है।

# पिपरई के सब्जी फल विक्रेताओं को मिली स्थाई जगह, सड़क पर लगने वाले जाम से मिलेगी मुक्ति



अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र) पिपरई कस्बे में सड़क पर लगने वाली सब्जी,फल एवं मनहारी दुकानों से लगने वाले जाम को देखते हुए नगर परिषद ने सभी दुकानदारों को स्थाई जगह दी है। दुकानदारों को स्थाई जगह मिलने के बाद अब सड़क पर लगने वाले जाम से आम लोगों को मुक्ति मिल सकेगी। बता दें कि नगर में यह दुकानदार अपनी मर्जी से कही भी दुकान लगाकर सामान बेचते थे जिससे आम जनता को दिक्कत होती थी सामान लेने बालो की वजह से दिन में कई बार जाम लग जाता था जिससे आम जनता या बाहर के हो या फिर जल्दी में एंबुलेंस हो सभी जाम में फस जाते थे। इसकी शिकायते कई बार होती थी इस स्थिति से निपटने के लिए नगर परिषद द्वारा व्यवस्था बनाई गई जिससे सभी को एक जगह स्थापित कर दिया जाए जिससे सारी समस्या खत्म हो जाए। पिपरई में स्टेशन रोड़ थाने के सामने बाली गली में सभी दुकानदारों को जगह दे दी गई।

# कलेक्टर ने अपने सारथी को दी भावभीनी विदाई



अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा 31 जुलाई को सेवानिवृत हुए अपने वाहन चालक (सारथी) शरीफ खांन को भावभीनी विदाई दी गई। कलेक्टर श्री द्विवेदी ने कहा कि सारथी का काम सबसे कठिन होता है,वह अपने कर्तव्य के प्रति 24 घंटे सेवा में रहता है। उन्होंने कहा कि श्री खान ने लम्बे समय तक कलेक्टर के वाहन चालक के रूप में बेहतर सेवाएं प्रदान की है। वह वाहन चलाने में वह काफी सजग एवं माहिर थे। उन्होंने जिले में होने वाले दौरों एवं भ्रमण के लिए समय पर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रही। इस दौरान सेवानिवृत्त होने पर श्री खान को कलेक्टर द्वारा शॉल श्रीफल,स्मृति चिन्ह एवं पौधे देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा की जिम्मेदारी से मुक्त होकर आगामी जीवन को बेहतर रूप से परिवार के साथ बिताएं। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# संत पर हुए हमले में हिंदू समाज संगठनों ने दिया ज्ञापन



चंदेरी (चम्बल नवराष्ट्र) चंदेरी स्थित गढ़वा लाल शिव मंदिर पर संत के साथ हुई मारपीट के विरोध में सकल हिंदू समाज द्वारा गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। हिंदू संगठनों ने पुराना बस स्टैंड, जय स्तंभ से एक रैली निकालकर पुलिस थाने में एक ज्ञापन सौंपा।

रैली डोलिया गेट बाजार दिल्ली दरवाजा अस्पताल होते हुए नगर पुलिस थाने पहुंची एवं डेढ़ घंटे तक थाने में धरना दिया। प्रदर्शन में विभाग मंत्री सुरेश शर्मा उपस्थित रहे। जिन्होंने आम कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं ज्ञापन के द्वारा नगर निरीक्षक थाना चंदेरी,तहसीलदार चंदेरी को कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती है तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रप्रकाश मिश्रा द्वारा नगर में फैले अतिक्रमण एवं खुले में मांस विक्रय के स्थान के बारे में प्रशासन को अवगत कराया तथा लंबे समय से चली आ रही समस्याओं एवं निराकरण के लिए प्रशासन शीघ्र कदम उठाए ऐसी मांग की। प्रदर्शन में सभी समाज प्रमुखों की उपस्थिति रही

# न्यू मार्केट और मिर्ची बाजार का होगा कायाकल्प, 68 दुकानों के नवीनीकरण पर बनी सहमति



अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र) शहर के स्टेशन रोड स्थित न्यू मार्केट एवं इंद्रा पार्क क्षेत्र के मिर्ची बाजार में नगरपालिका द्वारा दुकानदारों को दुकानों का नव निर्माण कर आवश्यक सुविधाएं से सुसज्जित कर दी जाएगी। नगरपालिका की बैठक में दुकानों को नया आकर्षक रूप देने वाले प्रस्ताव पर सभी पक्षों ने सहमति प्रदान की है।

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने न्यू मार्केट स्थित 62 दुकानों और मिर्ची बाजार की कुल 6 दुकानों के नए निर्माण संबंधी प्रस्ताव से दुकानदारों को अवगत कराया था। इस दौरान दुकानदारों ने भी नगरपालिका को अपने सुझाव भी दिए जिन्हें कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा। शहर के उक्त दोनों ही बाजारों में बनने वाली दुकानों में आने वाली लागत का खर्चा दुकानदार लोग उठाएंगे और दुकानों का संपूर्ण नवनिर्माण अध्यक्ष श्री मनोरिया की देख रेख में नगर पालिका कराएगी दुकानों के नवीनी करण पर सभी दुकानदारों ने सहमति देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

# आओ मिलकर वृक्ष लगाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाए के संदेश के साथ न्यायाधीशगण ने किया पौधारोपण



अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र) म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा की उपस्थिति में जिला न्यायाधीश श्रीमती रश्मि मिश्रा सहित समस्त न्यायाधीशगण ने गुरूवार को न्यायालय परिसर, अशोकनगर में ''पंच-ज'' अभियान के अंतर्गत अमरूद, सहजन व गुलमोहर के पौधों का रोपण किया। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय ने कहा कि पौधारोपण सभी की जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको कम से कम पॉच-पॉच पौधे लगाने का संकल्प लेने की जरूरत है व पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम पॉच-पॉच पौधे जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल अपने घर के सदस्य की तरह करना चाहिए, क्योंकि वृक्ष हमेशा परोपकार का कार्य करते हैं।

उक्त कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं लीगल एड डिफेंस काउंसल के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# जनपद पंचायत मुंगावली में सफाई मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)। जनपद पंचायत मुंगावली के सभागार में 34 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में शारीरिक स्वास्थ्य की जांच हुई। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन द्वारा सफ़ाई मित्रों को स्वच्छता किट का वितरण किया गया। साथ ही चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया। इस दौरान उन्होंने 7 दिवस में सफ़ाई मित्रों को उनका मानदेय ग्राम पंचायत द्वारा किया जाए। शेष सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सफाई मित्रों के आयुष्मान कार्ड, पात्रता पर्ची, आवास, शौचालय सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर सफ़ाई मित्रों के लिए स्वच्छता किट प्रदान कर सम्पूर्ण सुरक्षा हेतु सामूहिक प्रयास किए जाएं।

जिले में नवाचार स्वरूप संचालित मिशन स्वाभिमान अंतर्गत यूनिसेफ के स्टेट कंसल्टेंट एवं संभागीय सलाहकार सहित यूनिसेफ की सहयोगी संस्था ,ध्रुव द्वारा भी आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ग्राम पंचायतों के सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि प्राथमिकता से सभी ग्राम पंचायतों में सफाई मित्रों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ठहराव प्रस्ताव में मानदेय का उल्लेख करते हुए (स्वच्छता कर/15वे वित्त) अपने सेक्टर के एडीईओ,पीसीओ को जमा करें।

# बंद रहता हैं आंगनबाड़ी केंद्र योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

आकाश यादव

**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)।** ग्राम पंचायत बस्तुरी आंगनबाड़ी केन्द्र 1 का कोई धणीधोरी नहीं है ।मध्यप्रदेश ने महिला एवं बाल विकास परियोजना के माध्यम से राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 6 साल तक के बच्चों व किशोर बालिकाओं गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं के लिए सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाती है, ताकि स्कूल पूर्व शिक्षा के तहत नन्हे बच्चे कुछ सीख सके। वही आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलने वाले पोषाहार से कुपोषण दूर हो तथा गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं का समय पर टीकाकरण हो इनके बावजूद दतिया जिले की बस्तुरी ग्राम पंचायत की आंगनबाड़ी केंद्र 1



कार्यकर्ता सहित अन्य कार्मिक इतने लापरवाह हैं जो समय पर केन्द्र नहीं खुलता आंगनबाड़ी केंद्र की दयनीय स्थिति है, जो अपने उद्देश्य से भटका हुआ नजर आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में केंद्र कब खुलता और कब बंद होता है इसका पता भी लोगों को नहीं चल पाता है। यह कहना गलत नहीं कि केंद्रों का संचालन महज कागजों में ही हो रहा है। चम्बल नवराष्ट्र की टीम ने आंगनबाड़ी केंद्रों की पड़ताल की। जिसमें कई खामियां देखने को मिली। जब हमारी टीम आंगनबाड़ी केंद्र बस्तूरी 1 पर पहुंची, जहां न तो केंद्र पर बच्चे थे,और न ही सेविका, व सहायिका भी उपस्थित नही थी। यहां की स्थिति देख कहीं से भी यह नहीं लग रहा था कि यहां आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होता है। पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों के मुताबिक केंद्र का संचालन भगवान भरोसे किया जा रहा है। केंद्र की आंगनवाडी कार्यकर्ता सुशीला देवी जाटव कभी-कभार केंद्र पर नजर आती है। टीम जब पहुंची केंद्र बंद था। आस-पड़ोस के ग्रामीणों ने बताया कि कार्यकर्ता के स्वजन दबंग हैं। डर से कौन मुंह खोलेगा। नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि केंद्र का संचालन कागजों पर ही हो रहा है। जब आंगनवाडी केंद्र का दरवाजा भी रस्सी से बांध कर चले जाते है जिससे आंगनवाडी में कभी भी चोरी होने का डर है।

# पौधारोपण करना पुनीत कार्य है - अक्कू दुबे

## भाजपा पदाधिकारियों ने किया पौधारोपण



**दतिया( चम्बल नवराष्ट्र)।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आज नगर मंडल के वार्ड 30 राहुल शर्मा के गार्डन में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे भाजपा जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारीओ ने फलदार पौधे लगाए कार्यक्रम के अतिथि भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष पार्षद आकाश अक्कू दुवे ने उपस्थित नागरिकों से कहा पृथ्वी को हरा भरा करना है तो अधिक से अधिक पौधे लगाना है पौधारोपण करना एक पुनीत कार्य है आप सभी अपने घर के आस-पास पौधे जरूर लगाए जिससे आपके नगर और मोहल्ले का स्वच्छ वातावरण रहे कोरोना के समय पर जो ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी थी वह इसलिए कि पेड़ कट ज्यादा रहे हैं लग कम रहे हैं इसलिए हम सबको मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए इस मौके पर एक पौधा मां के नाम जिला प्रभारी भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी पूर्व जनपद अध्यक्ष रीता सतीश यादव पार्षद रिंकू दुबे रामसिंह मोगीया गौरव दुबे धर्मेंद्र यादव अरविन्द भदौरिया जीतू अहिरवार राजू चौहान भालू केवट देव पाठक अनुज शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।

# केश वापस न लेने पर युवक को दी जान से मारने की धमकी



दतिया। भांडेर थाना क्षेत्र के विधायक कॉलोनी निवासी युवक को केश दर्ज कराने केश बापिस नही लेने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी है। जिसको लेकर पीड़ित युवक ने एसडीओपी कार्यालय पहुँचकर भांडेर एसडीओपी कर्णिक श्रीवास्तव से शिकायत की है। पीड़ित युवक नंदराम कुशवाहा पुत्र सामली कुशवाहा (28)ने बताया की 27 जुलाई को आरोपी अंसार खान ने मेरे साथ साइकिल चोरी के संदेह में बेल्ट बेरहमी से मारपीट की थी। जिस पर मैंने आरोपी अंसार खान पर भांडेर थाने में मामला दर्ज कराया था उसके बाद आरोपी के साथ रोजाना चार -पांच लोग मेरे घर पर आते हैं और कहते कि केश बापिस नही लिया तो हम लोग इससे भी ज्यादा मारेंगे ओर जान से मारने की भी धमकी देते हैजिससे प्रार्थी काफी भयभीत बना हुआ है ।

# चैकिंग के दौरान सोते मिले शिक्षक



**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)।** ग्राम भगुआपुरा के विद्यालय में चैकिंग के दौरान शिक्षक महेंद्र कुमार ओझा चैकिंग टीम को सोते मिले साथ ही विद्यालय में बच्चे कि संख्या भी कम मिलीं 214 में से केवल 49 बच्चे विद्यालय में उपस्थित मिले साथ ही टीम ने और विद्यालयों का भी निरीक्षण किया जिसमें दर्ज़ बच्चों कि संख्या के हिसाब से उपस्थित बच्चों कि संख्या बेहद कम थीं। डीपीसी द्वारा उपरोक्त शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में फार्मोकोलॉजी विभाग ने जागरूकता के लिए सीएमई का किया आयोजन



**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया में अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता फार्मोको विजिलेंस यूनिट के चेयरपर्सन डॉक्टर दीपक सिंह मरावी के मार्गदर्शन में फार्माकोलॉजी विभाग के प्राध्यापक -विभाग अध्यक्ष एवं फार्मको विजिलेंस यूनिट के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार बौद्ध के द्वारा दिनांक 1 अगस्त 2024 को संपन्न की गई। डॉक्टर मरावी ने अपने पूर्व के अनुभव को चिकित्सकों को साझा किया एवं एडीआर रिपोर्टिंग करने को प्रोत्साहित किया । डॉक्टर सुरेंद्र कुमार बौद्ध के द्वारा दवाइयां से होने वाले दुष्प्रभावों से संबंध जानकारी दी गई एवं एडीआर रिपोर्टिंग करने के लिए सभी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ को प्रेरित किया। फार्माको विजिलेंस के स्नातकोत्तर छात्र/छात्राओं डॉक्टर वैभव बिलगैया, डॉक्टर दीपिका सिंह एवं डॉक्टर आदित्य कुल्थे के द्वारा एडीआर रिपोर्टिंग पर व्याख्यान दिया गया । कार्यक्रम में डॉक्टर अर्जुन सिंह मेडिकल सुपरीटेंडेंट, डॉ राजेश गुप्ता ,शिशु रोग विभाग डॉक्टर श्वेता यादव, स्त्री रोग विभाग डॉक्टर प्रवीण टैगोर ,मेडिसिन विभाग डॉक्टर महेंद्र भारती, पल्मोनरी विभाग, समस्त विभागों के पीजी रेजीडेंट चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कृष्ण दत्त उपाध्याय ,पीजी रेजिडेंट फार्मोकोलॉजी विभाग के द्वारा किया गया एवं इस सीएमई को सफल बनाने में अन्य सहयोगी स्टाफ सदस्य क्लर्क राहुल गुप्ता ,लैब असिस्टेंट टेक्नीशियन जितेंद्र प्रजापति एवं अटेंडर मुकेश शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस समाचार की जानकारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया के मीडिया प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक, आर्थोपेडिक विभाग के डॉक्टर मुकेश शर्मा के द्वारा दी गई।

# मलेरिया विभाग द्वारा डेंगू नियंत्रण हेतु एडवाइजरी जारी की

**दतिया ( चम्बल नवराष्ट्र )।** जल स्त्रोतों में डेंगू के लार्वा पर नियंत्रण हो सके इसके लिए मलेरिया कार्यालय ने जिले में डेंगू नियंत्रण माह जुलाई-2024 के अंतर्गत शहरी जल स्त्रोतों में बीटीआई का छिड़काव किया जा रहा है। इसके साथ ही मलेरिया विभाग के कर्मचारियों ने ऐसे जल स्त्रोतों में भी बीटीआई का छिड़काव किया है जिनमें डेंगू मच्छर का लार्वा पनपने की संभावना प्रबल हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. जयंत यादव ने बताया कि मलेरिया टीम द्वारा डेंगू निरोधक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। डेंगू रोग के संबंध में मलेरिया टीम आमजन को जागरूक करने के लिए पर्चे, पम्पलेट्स, फ्लैक्स और ऑडियो प्लेयर का सहारा लेकर मच्छरों की उत्पत्ति पर कैसे नियंत्रण किया जाये इसकी जानकारी प्रदान कर रही है। इसके साथ ही आमजन के लिए भी एडवाइजरी जारी की गई है। जारी निर्देशों में कहा गया है कि-

## डेंगू के मच्छर न पनपें इसके लिए अपनाएं 5 उपाय

डीएमओ डॉ. यादव ने बताया कि विभाग के साथ-साथ जनसमुदाय को भी मच्छररोधी अभियान में सहयोग करना चाहिए। इसके लिए वे पांच उपायों को अपनाकर अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं। जिनमें घर के अंदर और बाहर दोनों जगह पानी जमा ना होने देना, पालतू जानवर को जिस बर्तन में पानी पीने के लिए देते हैं उसे साफ रखना, पानी की टंकी को अच्छी तरह ढंक कर रखना, कूलर और पानी की टंकी में जमा पानी में हफ्ते में एक दिन पैट्रोल या मिट्टी का तेल डालना। फ्रिज के नीचे रखी हुई पानी की ट्रे को रोजाना खाली करना। इन 5 उपायों को अपनाकर हम काफी हद तक डेंगू के मच्छरों को पनपने से रोक सकते हैं।

## डेंगू कारण, लक्षण और बचाव के उपाय

डॉ. यादव का कहना है कि ये मच्छर गंदगी व पानी वाली जगह पर पनपते हैं। मच्छरों की उत्पत्ति को रोकने के लिए जहां गंदे पानी में जला हुआ इंजन ऑयल का उपयोग कर सकते हैं तो साफ पानी के लिए हम सरसों (राई) का तेल उपयोग में ला सकते हैं। डेंगू बुखार मादा मच्छर के काटने से होता है। डेंगू बुखार आने पर हमारे शरीर में अचानक से तेज बुखार, सिर, आंखों, कंधे व जोड़ों में दर्द, भूख कम लगना व चक्कर आना, खाने का स्वाद ना आना, छाती के ऊपरी हिस्से पर दानें निकलना, जी मचलाना, घबराहट व उल्टी आना संकेत मिलते हैं। मच्छरों से बचाव के लिए हम घर के अंदर व बाहर पानी को एकत्रित ना होने दें, कूलर और अन्य बर्तनों को ढक कर रखें व पानी को 2 से 3 दिन में बदलते रहें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, घर में साफ-सफाई रखें, खूब सारा पानी पीएं व अच्छी डाइट लें और रोजना 30 मिनट योगा या अन्य व्यायाम करें।

# 6 माह से राशन नहीं लेने पर नाम पोर्टल से हटेगा- जिला आपूर्ति अधिकारी



**दतिया।** मध्य प्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचनालय के आदेश' अनुसार 6 माह से राशन प्राप्त न करने वाले उपभोक्ताओं को पोर्टल हटाने का 'आदेश शासन' द्वारा जारी किया गया है सस 'दतिया कलेक्टर संदीप माकिन' के निर्देशन में,, 'जिला आपूर्ति अधिकारी एम एल मालवीय' ने 'न्यू कलेक्ट्रेट' कार्यालय दतिया में 'उचित मूल्य के विक्रेताओं की' बैठक लेते हुए, बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं 'उपभोक्ता संरक्षण संचनालय द्वारा प्राप्त आदेश अनुसार एनएफएसए अंतर्गत' सम्मिलित पात्र परिवारों में जिन परिवारों द्वारा '6 माह जनवरी से जून 2024 में उचित मूल्य की दुकानों से निरंतर राशन प्राप्त' नहीं किया गया स उन हितग्राहियों की सूची उचित मूल्य दुकानों पर 'चश्मा की गई स हितग्राही उचित मूल की दुकानों से नियमित रूप से राशन' प्राप्त कर ले स यदि इन हितग्रहियों द्वारा अगस्त माह में भी राशन नहीं लिया जाता हैं, तो ऐसे 'परिवारों को आगामी माह में अस्थाई रूप से पोर्टल से हटा दिया जाएगा।

# नागपंचमी पर महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए : कमिश्नर

**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** आगामी नागपंचमी पर्व नौ अगस्त के आयोजन और महाकालेश्वर मन्दिर में श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को कंट्रोल रूम महाकाल मन्दिर में संभागायुक्त संजय गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, मन्दिर प्रशासक मृणाल मीना की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।बैठक में संभागायुक्त गुप्ता ने नागपंचमी पर्व पर नागचंद्रेश्वर मन्दिर में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था, पार्किंग, यातायात इत्यादि के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

इस अवसर पर सन्त विनीत गिरि महाराज, डॉ.रामेश्वरदास, पुजारी पं.आशीष गुरु, पं.राम शर्मा, पं.राजेन्द्र शर्मा तथा सहायक कलेक्टर गगन सिंह मीणा, निगम आयुक्त आशीष पाठक, सीईओ यूडीए संदीप सोनी, एडीएम अनुकूल जैन, एसडीएम अर्थ जैन, एलएन गर्ग सहित अन्य अधिकारी एवं महाकाल मन्दिर प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे। संभागायुक्त गुप्ता ने निर्देश दिए कि भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए जाने के लिए बनाए गए एयरो ब्रिज की क्षमता का तकनीकी परीक्षण और जांच की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बनें। नगर निगम द्वारा नागचंद्रेश्वर मन्दिर सहित सम्पूर्ण मन्दिर परिसर क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्थाएं की जाए। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए मन्दिर के आसपास अनाधिकृत दुकानों का संचालन न हो,इसका ध्यान रखें। महाकालेश्वर मन्दिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्थाएं की जाए, जिसमें पीएचई, नगर निगम उज्जैन द्वारा पानी के टेंकर की व्यवस्था के साथ निर्धारित दूरियों पर पेयजल पाइंट भी बनाए जाएं।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के प्राथमिक उपचार की व्यवस्थाएं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाए, जिसमें डॉक्टर्स, कंपाउंडर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता रहे। इसी के साथ कर्कराज पार्किंग, बड़ा गणेश मन्दिर के संमुख त्रिवेणी सरफेज पार्किंग, महाकाल लोक कंट्रोल आदि प्रमुख स्थानों पर



एंबुलेंस की व्यवस्था भी की जाए।

पुलिस महानिरीक्षक सिंह ने नागपंचमी पर्व पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। महाकालेश्वर मन्दिर में भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए व्यवस्थित बेरिकेडिंग की जाए। इसी के साथ मन्दिर परिसर तथा मन्दिर परिक्षेत्र में आसपास पर्याप्त बेरिकेडिंग लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाए।श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त एयरो ब्रिज की मजबूती एवं उपयोग हेतु उपयुक्त होने का प्रमाण-पत्र कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग से लिया जाए।

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि नागपंचमी पर्व के लिए महाकाल मन्दिर में बेरिकेडिंग कार्य समय पर पूर्ण किया जाए। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व्यवस्थाएं दुरूस्त रहें। इसी के साथ अस्थाई जूता स्टेण्ड का भी अच्छे से संचालन किया जाए। भीड़ प्रबंधन के लिए मन्दिर परिक्षेत्र के बाहर खिचड़ी, फलाहारी आदि वितरण की व्यवस्था सुनियोजित तरीके से की जाए। कलेक्टर ने आगन्तुक दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए व्हील चेअर की पर्याप्त व्यवस्थाएं किए जाने और इसके लिए कोटवारों की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित स्थानों पर अस्थाई फायर स्टेशन और पूछताछ एवं खोया-पाया केन्द्र भी स्थापित किए जाएं।

## बाबा महाकाल की तीसरी सवारी 5 अगस्त को निकलेगी

बैठक में 5 अगस्त को निकलने वाली बाबा महाकाल की सवारी की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में भी विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें बाबा महाकाल की सवारी के दौरान भीड़ प्रबंधन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। हरसिद्धि पाल पर भी बड़ी एलईडी के माध्यम से बाबा महाकाल की सवारी के लाईव प्रसारण की व्यवस्था की जाए। बैठक के बाद संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर, एसपी व अन्य अधिकारियों ने मन्दिर क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

## नागचंद्रेश्वर मन्दिर के पट खुलने का समय

नागपंचमी के अवसर पर महाकालेश्वर मन्दिर स्थित नागचंद्रेश्वर भगवान के पट 8 अगस्त 2024 को मध्यरात्रि 12 बजे खुलेंगे और भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन 9 अगस्त 2024 को रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे।

## नागपंचमी पर्व पर नागचंद्रेश्वर के दर्शन हेतु निर्धारित प्रवेश मार्ग

नागपंचमी के अवसर पर नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन हेतु भील समाज धर्मशाला में स्थापित जूता स्टेण्ड पर जूते उतारकर तीन पंक्तियों में से गंगा गार्डन के समीप वाले मार्ग से चारधाम मन्दिर पार्किंग जिगजेग, हरसिद्धि चौराहा से रूद्र सागर की दीवार के समीप से विक्रम टीला होते हुए

बड़ा गणेश मन्दिर के सामने से द्वार नम्बर-4 एवं 5 के रास्ते मन्दिर में प्रवेश कर विश्रामधाम, एयरो ब्रिज होते हुए भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन करेंगे। दर्शन उपरांत एयरो ब्रिज से विश्रामधाम रेम्प, मार्बल गलियारा होते हुए पालकी निकालने वाले मार्ग के समीप नवनिर्मित मार्ग से प्रीपेड बूथ तिराहा, बड़ा गणेश के सामने से हरसिद्धि चौराहा, हरसिद्धि धर्मशाला के संमुख वाले मार्ग से नृसिंह घाट तिराहा होते हुए अपने गन्तव्य तक पहुंचेंगे।

# मोती नगर माताजी के मन्दिर में चोरी करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## गिरफ्तार किए गए 6 आरोपियों में दो नाबालिग

राकेश पांचाल

**रतलाम (चम्बल नवराष्ट्र)।** मोती नगर माताजी मंदिर पर करीब 12 दिन पहले चोरी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से गहने जब्त हुए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल है। खास बात यह है कि सभी आरोपी मोती नगर के ही हैं और मोती नगर के ही मंदिर से गहने चुराए थे। पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा के निर्देश पर दीनदयाल नगर थाना प्रभारी रविंद्र दंडोतिया ने टीम का गठन किया और चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। थाना प्रभारी दंडोतिया ने बताया कि 20 जुलाई को फरियादिया वर्षा पिता राजेन्द्र कुमार सोनी निवासी मोतीनगर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। वर्षा के मुताबिक उसके माता जी के मंदिर



मोतीनगर से सोने चादी की रकमे लगभग 80,000 रुपए व 7000 रुपए नगदी चोरी हो गए। गोरव पिता रामेश्वर जटिया उम्र (24) वर्ष, गणेश अक्कु पिता बाबुलाल मईडा उम्र (19) वर्ष, लोकेन्द्र उर्फ बोका पिता गोपाल मुनिया उम्र (21) वर्ष, घनश्याम पिता मोहनलाल नायक उम्र (22) वर्ष, दो विधि विरुध्द बालक, सभी मोती नगर रतलाम निवासी हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से सोने की दो अंगूठी, सोने की एक चेन, चांदी की दो बिछिया जब्त की है जिनकी कीमत करीबन 80 हजार रुपये है।

# विधि छात्र महासभा ने किया था विरोध





रविन्द्र राणावत

**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय के विधि छात्र महासभा के विरोध के बाद एल एल बी के उत्तिर्ण प्रतिशत मान में हुई वृद्धि में संसोधन कर पुरानी दरों के आधार पर किया गया छात्रों को उत्तिर्ण।दिनांक 6 जून 2024 को विक्रम विश्वविद्यालय में विधि छात्र महासभा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह खिच्ची के नेतृत्व में धरना देकर छात्रों द्वारा कुलपति व कुलसचिव को एक ज्ञापन के माध्यम से एल एल बी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को 45प्रतिशत से अधिक आने पर फ़ैल करने वाली बात से अवगत करवाया जिसकी जांच कर विश्वविद्यालय ने अपनी सभी मार्कसिटो में पुनः संसोधन कर छात्रों को उत्तिर्ण किया।

# महाकाल मंदिर में फिर महिला श्रद्धालु को कुत्ते ने काटा, महिला को प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा

**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** महाकाल मंदिर में कुत्तों का आतंक कम नहीं हो रहा है। मंदिर के बाहर और परिसर में रहने वाले कुत्ते आए दिन श्रद्धालुओं को काट रहे हैं। गुरुवार सुबह जबलपुर की महिला श्रद्धालु दर्शन करने के बाद मंदिर से बाहर निकली तो एक नंबर गेट के पास मौजूद एक श्वान ने उस पर हमला कर पैर में काट लिया। महिला को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल भेजा गया।

महाकाल मंदिर में जुलाई माह में भी दो श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में रहने वाले कुत्तो ने काटा था। कई बार शिकायत के बाद भी नगर निगम की टीम इस पर कार्रवाई नहीं कर रही है। जिसका खामियाजा वाले श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ रहा है। गुरवार सुबह जबलपुर निवासी सुषमा शाह नामक महिला परिवार के साथ महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन



करने आई थी। सुबह दर्शन कर जब वह मंदिर परिसर से बाहर निकली, इसी दौरान एक नम्बर गेट के पास वहाँ मौजूद एक कुत्ते ने महिला श्रद्धालु पर हमला कर काट लिया। महिला को तुरंत मंदिर के अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। निगम का दावा 22 कुत्ते पकडे फिर भी श्रद्धालु को हमला कर रहे है -

नगर निगम कमिश्नर ने महाकाल मंदिर और आसपास के क्षेत्रो से 22 कुत्ते पकड़ने का दावा किया था। इसके बाद भी आंध्र प्रदेश के रंगारेड्डी शहर से आए मुलुगु राजकिरण को रविवार को सुबह भस्म आरती करने के बाद एक कुत्ते ने राजकिरण पर हमला कर उनके पेट में काट लिया था। इसी तरह 7 जुलाई को भी दिल्ली से महिला डॉक्टर को भी मंदिर परिसर में कुत्ते ने काटा था।

# घर की पलंग पेटी खोली तो पुलिस छुपा मिला बदमाश, वीडियो आया सामने

**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** उज्जैन के पास नागदा में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, एक आरोपी को पकड़ने पहुंची पुलिस ने घर को खंगालने के बाद भी जब आरोपी नहीं मिला, तो पुलिस फेक खबर समझकर वापस लौटने लगी। इस दौरान पुलिस को लगा की पूरा घर देख लिए लेकिन घर में रखी पलंग पेटी नहीं देखी। पुलिस ने पेटी खुलवाई, तो आरोपी उसी में छुपा मिला। घटना वीडियो भी वायरल हुआ।

नागदा पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को पकड़ा है जो पुलिस से बचने के लिए पलंग पेटी में जा छुपा। मामला शनिवार का है। घटना का वीडियो गुरुवार को सामने आया। एडिशनल एसपी नितेश भार्गव ने बताया कि नागदा मंडी थाना में पुलिस को करीब दो



बजे विगत ढाई महीने से हफ्ता वसूली और मारपीट के मामले में फरार चल रहे राजीव कॉलोनी में रहने वाले आरोपी राहुल उर्फ़ काला को पकड़ने उसके घर पहुंची। पकड़ने के लिए पूरा घर पुलिस ने छान दिया, पर आरोपी घर पर नहीं मिला। इस दौरान घर की छत, किचन, वॉशरूम, कमरे सब देख लिया, लेकिन आरोपी राहुल नहीं मिला।

शक होने पर पुलिस ने पलंग पेटी को खोला, तो उसमें आरोपी कालू छिपा मिला। राहुल उर्फ कालू के खिलाफ सात मामले दर्ज हैं। इनमें जान से मारने की कोशिश, मारपीट, जुआ, जान से मारने की धमकी, हफ्ता वसूली जैसी धाराओं के सात मामले हैं। पुलिस को 31 अप्रैल 2024 को किए हफ्ता वसूली , जान से मारने कि धमकी और मारपीट के मामले में तलाश थी।

## पलंग पेटी में छुपा था

पुलिस को मुखबिर से सुचना मिली थी की आरोपी घर में है। लेकिन पुलिस की लाख सर्चिंग के बाद भी वो हाथ नहीं आया। पुलिस निराश होकर थाने पर लौट ही रही थी कि उन्हें लगा कि एक बार पलंग पेटी भी देख लेना चाहिए। इसके बड़ा पलंग पेटी खोलते ही आरोपी अंदर छुपा हुआ मिल गया। दबिश में थाना प्रभारी गवरी के साथ एसआई जितेंद्र पाटीदार, दीवान यशपाल सिंह सिसोदिया, रितेश बेरिया, सुनील बैस, जवान दीपक कायस्थ की भूमिका प्रमुख रही।

# हिमेंद्र उमा नारायण पटेल ने जन्मदिन पर 2100 रुपए का समर्पण किया

रोहित चौहान

**देपालपुर (चम्बल नवराष्ट्र)।** गौतमपुरा पाडल्या हिमेंद्र उमानारायण पटेल ने अपने जन्मदिन पर सेवा भारती द्वारा संचालित जीवन उमंग बालिका छात्रावास बिचोली मरदाना की बालिकाओं के शैक्षणिक विकास एवं भोजन के लिए 2100 रुपए की राशि सेवा भारती के खाते में जमा की इस पुनीत कार्य के लिए सेवा भारती के सोहनलाल परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा, गोपाल सिंह चौधरी, भूवान सिंह पवार, श्रवण सिंह चावड़ा हंसराज पटेल, राजेंद्र पटेल, विष्णु पटेल, कैलाश ददरवाल,



विशाल राठी, सुनील सोलंकी, सुरेश नागर बबलू जाधव सहित अनेक समाजजनों, इष्ट मित्रों ने हिमेंद्र उमानारायण जी को जन्मदिन की बधाई दी एवं दीर्घायु होने की कामना की। हिमेंद्र उमानारायण जी ने अपने जन्मदिन पर समाज जनों से आह्वान किया कि वह राष्ट्र निर्माण एवं सामाज हित में अपना योगदान प्रदान करें।

# रक्षाबंधन पर लाडली बहनों को मिलेंगे 1500 रुपये,10 अगस्त को आएगा पैसा



**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** रक्षाबंधन के त्यौहार पर मध्यप्रदेश में लाडली बहनों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार 1500 रुपए देंगी। आज सतना जिले के चित्रकूट में प्रदेश स्तरीय आभार सह-उपहार कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 10 अगस्त को सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहनों के खाते में एक साथ 1500 रुपये आने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि 1250 रुपये लाड़ली बहना योजना की राशि है, जबकि 250 रुपये बहनों को रक्षाबंधन की राखी और मिठाई खरीदने के लिए उपहार स्वरूप मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने गैस रीफिल के लिए 450 रुपये देने का भी निर्णय किया है वह भी हम प्रदेश की बहनों को दे रहे हैं। सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में 10 अगस्त तक लगातार लाड़ली बहनों के बीच रक्षाबंधन का उत्सव मनाएंगें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण एवं विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्यंत हर्ष का विषय है कि मेरे प्रदेश की बहनें आजीविका मिशन के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण का माध्यम बनी मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पावन नगरी चित्रकूट में लाडली बहनों और बेटियों के साथ आंनद और खुशी से गदगद दिखे उन्होंने मंच से अपनी बहनों के लिए प्रसिद्ध गीत फूलों का तारों का, सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना हैं भी गाया । इस अवसर पर उन्होंने बेटियों को झूला झुलाकर आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न योजनाओं के तहत महिला हितग्राहियों को लाभान्वित कर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में सारे त्योहारों की श्रृंखला सरकार समाज के साथ मिलकर मनाना चाहती है। सभी त्यौहार आपस में भाईचारा बढ़ाने के लिए हैं खासकर नारी सशक्तिकरण के लिए ये बड़ी योजना है। उन्होंने कहा अकेले सतना जिले में 3 लाख 84 हजार से ज्यादा लाडली बहनें हैं और अब तक योजनांतगत 674 करोड़ रूपया हम दे चुके हैं। और 250 रूपये के हिसाब से 10 करोड़ रूपए अकेले सतना जिले में देंगे।

## बारिश से नहीं बल्कि इस वजह से टूटे किसानों के अरमान, सैकड़ों, एकड़ खेत जलमग्न



**रायसेन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** जिले में देर रात तालाब टूटने से किसानों में हाहाकार मच गया है। सिलवानी जनपद की ग्राम पंचायत आमापानी खुर्द के ग्राम मेहका में बना तालाब भारी बारिश के कारण पानी का भराव नहीं सह पाया और तालाब की पार फटने से तालाब का पानी खेतों में खड़ी फसल को बहा ले गया जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो गई। इस तालाब में हाल ही में ग्राम पंचायत द्वारा मरम्मत कराया गया था,लेकिन अब ग्रामीण कह रहे है कि ये कैसी मरम्मत। सिलवानी के मेहका का तालाब की पार टूटने से नीचे बने खेतों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। कई किसानों ने बताया कि उनकी सिंचाई की मोटरें भी बाढ़ में बह गईं। एक किसान का कुआं, जो तालाब के नीचे ही बना था, वह भी धंस गया।इस स्थिति में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान में डाल दिया है, और वे अपनी फसलों और संपत्तियों को लेकर बेहद चिंतित हैं।ग्रामीणों ने तालाब मरम्मत में सही से पिचिंग नही होने का आरोप लगाया है और भ्रष्टाचार होने की बात कह रहे है। जब इस मामले में सरपंच से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि तालाब की मरम्मत श्रमदान से की गई थी। उन्होंने कहा कि अत्यधिक वर्षा के कारण तालाब फट गया।हालांकि, ग्रामीणों का मानना है कि सही मरम्मत और निर्माण कार्य होता तो आज ये नौबत नहीं आती। ग्रामवासियों और किसानों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस मामले की जांच की जाए और उन्हें उनके नुकसान की भरपाई की जाए और भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए।

## उज्जैन-इंदौर में कांग्रेस का होगा जंगी प्रदर्शन, कई मुद्दों पर होगा सरकार का घेराव




**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस मजबूत होने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसी के चलते कांग्रेस मध्य प्रदेश में अब आगामी जंगी प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। कांग्रेस अपने यह प्रदर्शन अलग-अलग जिलों में करेगी, जहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी और स्थानीय कांग्रेस नेता इस प्रदर्शन में शामिल होंगे।

कांग्रेस अपने विरोध-प्रदर्शन की शुरूआत उज्जैन से करेगी, जहां उज्जैन में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। 13 अगस्त को होने वाले इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश पर के कार्यकर्ता और नेता हिस्सा लेंगे, जहां ष्टरूमोहन यादव के गृह नगर में होने वाले इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता अलग-अलग मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे।

13 अगस्त से पहले 6 अगस्त को इंदौर में कांग्रेस एक बड़ा जंगी प्रदर्शन करने जा रही है, जिसमें कांग्रेस स्थानीय मुद्दों के साथ-साथ प्रदेशभर के मुद्दों को लेकर सरकार का घेराव करेगी। वहीं विरोध-प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस ने तैयारी भी शुरू कर दी है, जहां कांग्रेस नेता जनता के बीच पहुंचकर विरोध-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। मालवा और निमाड़ में अपने जंग की प्रदर्शन के दम पर शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में जुटी कांग्रेस लगातार विरोध-प्रदर्शन को लेकर अलग-अलग बैठक कर खास प्लान तैयार कर रही है। कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह यादव ने बताया है की, 6 अगस्त को कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर निगम पर विभिन्न समस्याओं को लेकर होने वाले आंदोलन की तैयारी को लेकर भी गली,मोहल्ले, ब्लॉक, वार्ड स्तर पर जागरूक करने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से भी मुलाकात की जाएगी और अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसजनो से आंदोलन में शामिल होने की अपील की जाएगी। यादव ने कहा है कि, जनता की विभिन्न समस्याओं एवं अन्य मुद्दों के साथ ही भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ सतत आंदोलन जारी रहेंगे समय-समय पर भाजपा की जन विरोधी नीतियां के खिलाफ निर्णय के साथ ही बीजेपी की केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के खिलाफ मैदानी एवं जमीनी स्तर पर आंदोलन जारी रहेंगे।

## स्वस्थ बच्चे शक्तिशाली और समृद्ध भारत का करेंगे निर्माण: खाद्य मंत्री राजपूत

**भोपाल।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ विकासखंड के ग्राम खैजरामाफी की पी.एम.श्री. शासकीय हाई स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने शिविर में बच्चों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बच्चे ही शक्तिशाली समृद्धि भारत का निर्माण करेंगे। श्री राजपूत ने कहा कि हमारे जीवन में सबसे अमूल्य होते हैं हमारे बच्चे। बच्चे आगे बढ़ेंगे तो घर परिवार आगे बढ़ेगा। स्वस्थ, शिक्षित बच्चे हमारा नाम रोशन करेंगे। इसके लिए सबसे अधिक आवश्यक शिक्षा और स्वास्थ्य है। बच्चों के स्वास्थ्य के लिए आपके ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। श्री राजपूत ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सपना है कि बच्चे शिक्षित हों और स्वस्थ्य हों जिसको लेकर लगातार शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किये जा रहे हैं।

## खंडवा: जावर के उप स्वास्थ्य केंद्र में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी



**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** खंडवा जिले में जावर के उप स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार तड़के भीषण आग लग गई। अस्पताल में आग लगने से हड़कंप मच गया। आसमान तक उठ रहा धुंए का गुबार और पूरा अस्पताल धुआं-धुआं हो गया।तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। आगजनी की घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन अस्पताल भवन की वायरिंग और लेबर रूम के उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए है।

जानकारी अनुसार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में गुरुवार सुबह लगभग छह बजे अचानक धुंआ उठने से हड़कंप मच गया। धुंआ और आग की लपटे स्वास्थ्य केंद्र के लेबर रूम से निकलती देखा मौजूद स्टाफ और ग्रामीणों ने तत्काल काबू कर लिया। अग्निशमन वाहन पहुंचने के पूर्व ही ग्रामीणों ने आग को बुझा दिया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है, फिलहाल स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। अस्पताल के अलावा आसपास के क्षेत्र में भी लोगों के घरों और सरकारी आवासों में बिजली के उपकरण को नुकसान हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से काला व जहरीला धुआं उठता देख लोगों में अफरा तफरी मच गई। जावर स्वास्थ केंद्र के सीबीएमओ डॉ. एनके सेठिया ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लेबर रूम की वायरिंग और एसी सहित अन्य उपकरणों को आग से नुकसान हुआ है। अस्पताल के वार्ड में कोई मरीज भर्ती नहीं था। दोपहर तक लेबर रूम की व्यवस्थाएं सुचारू कर ली जाएगी। अभी कोई प्रसूता भी भर्ती नहीं है। बिजली का वोल्टेज अचानक बढ़ने से आग लगने की बात कही जा रही है। अन्य घरों में भी बिजली उपकरणों को नुकसान हुआ है।

## चित्रकूट में भारतीय सनातन, संस्कृति और मानवीय सभ्यता का है अनूठा मेल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चित्रकूट में भगवान श्रीराम का वनवास काल गुजरा है। यहां मानवीय सभ्यता और भारतीय सनातन, संस्कृति का अनूठा मेल दिखाई देता है। चित्रकूट की पावन धरा पर जियो पार्क की संभावना तलाशने का कार्य आरंभ किया गया है। जियो पार्क से इस क्षेत्र में रोजगार और विकास के अवसर खुलेंगे तथा सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को चित्रकूट के उद्यमिता परिसर के विवेकानंद सभागार में चित्रकूट संभावित यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क की स्थापना के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूनेस्को ने 195 देशों में जियो पार्क की स्थापना की संभावनाएँ तलाशी है, जिसमें उन्होंने चित्रकूट की पावन धरती पर जियो पार्क की संभावना देखने के लिए यूनेस्को के प्रतिनिधियों का आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत रत्न नानाजी देशमुख ने सर्वाधिक पिछडे क्षेत्र में स्वावलंबन की अलख जगाई थी। इस क्षेत्र में रोजगार, पशुपालन, कृषि, सहित सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में भी प्रगति दीनदयाल शोध संस्थान का विशेष योगदान रहा है। प्रदेश में चित्रकूट ही ऐसा परम धाम है, जहां सभी संभावनाएँ फलीभूत होती हैं। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में जियो पार्क की स्थापना से हमारी प्राचीन विरासत और अमूल्य भारतीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट यूनेस्को जियो पार्क आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर यूनेस्को के प्रतिनिधि ने जियो पार्क की स्थापना के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी प्राकृतिक संपदा को संरक्षित करने की जरूरत है। जियो पार्क को उद्देश्य अपनी भू-वैज्ञानिक और सांस्कृतिक विरासत की खोज कर उसे और प्रभावी बनाना है। भारत में अब तक कोई जियो पार्क नहीं है। भगवान श्रीराम की तपो भूमि चित्रकूट में मानव जीवन का पुराना इतिहास मौजूद होने से यहां जियो पार्क की संभावना अत्यधिक है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद श्री गणेश सिंह, सांसद मुरैना श्री शिवमंगल सिंह तोमर, विधायक श्री सुरेन्द्र सिंह गहरवार, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, पद्म श्री उमाशंकर पाण्डेय, उत्तम बनर्जी कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, श्री मुकेश पाण्डेय, कुलगुरू ए.के. सिंह, भरत मिश्रा सहित जन-प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादकः विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 ( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। )